# प्रेस विज्ञप्ति

## भारतीय तटरक्षक एवं कोरिया तटरक्षक के बीच संयुक्त अभ्यास

**चेन्नई, 11 जून 16**

1. भारतीय तटरक्षक के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने हेतु कोरिया तटरक्षक पोत 3009 का 08 जून से 11 जून 2016 तक चेन्नई का दौरा हुआ। कल भारतीय तटरक्षक पोत एवं वायुयान के साथ बंगाल की खाड़ी में मिलकर जलदस्युता विरोधी संयुक्त अभ्यास करने के पश्चात् कोरिया तटरक्षक पोत 3009 ने 11 जून 2016 को 1000 बजे चेन्नई बंदरगाह से प्रस्थान किया। कोरियाई पोत को बैंड की विदाई धुन बजाकर तथा वेलाम्मल विद्याश्रम के स्कूली बच्चों द्वारा भारतीय एवं कोरियाई ध्वज को लहराकर विदाई दी गई।

2. कमिश्नर जनरल कोरिया कोस्ट गार्ड, मि. हांग आई के-टाई, कोरियन कानसुलेट जनरल तथा डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल एम ए थाला, स्टॉफ प्रमुख भारतीय तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व) ने कोरिया तटरक्षक पोत 3009 को विदाई दी।